



## किसान खेत में रो रहा, सीएम भोपाल में सो रहा, पर्याप्त खाद है तो एफआईआर क्यों-जीतू पटवारी

# नकुलनाथ ने किसान बचाओ आंदोलन में भरी हुंकार, जीतू और सिंघार भी खूब गरजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

किसान बचाओ आंदोलन में हजारों-हजार किसान व जन-जन की आवाज बनकर जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी गरजे तो जेल बगीचा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। माननीय नकुलनाथ जी ने जय .जवान जय किसान व इंकलाब जिंदाबाद के नारे के साथ अपना उदबोधन प्रारंभ करते हुए कहा कि यह नारा भी कांग्रेस ने ही दिया है।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए माननीय नकुलनाथ जी ने कहा कि सुना था, बारिश होती है तो अच्छा ही होता है, यानि किसान भाइयों को खाद मिलने वाली है। आज हमें किसान बचाओ आंदोलन इसीलिये करना पड़ रहा है, क्योंकि भाजपा किसान भाइयों को खाद के बदले लाठियां दे रही, अपराध दर्ज कर रही है। आजादी के पहले किसान आंदोलन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चंपारण सत्याग्रह (1917) में भारत का पहला संगठित किसान आंदोलन बिहार के चंपारण में नील की खेती की प्रथा को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में ब्रिटिश शासन के खिलाफ किया। खेड़ा सत्याग्रह (1918) में गुजरात के खेड़ा में फसल खराब होने पर भू- राजस्व के खिलाफ गांधी जी व सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में हुआ। परिणामस्वरूप सरकार को कर माफी करनी पड़ी। बिजोलिया आंदोलन (1897-1941) राजस्थान का पहला संगठित, अहिंसात्मक आंदोलन, ऊंचे लगान, जागीरदारों के अत्याचारों के खिलाफ था। 2020-2021 का किसान आंदोलन तीन काले कानूनों के खिलाफ हुआ। पंजाब, हरियाणा व अन्य राज्यों के किसानों ने दिल्ली में घुसकर विरोध प्रदर्शन किया, तब भाजपा सरकार ने तीन काले कानून वापस लिये। माननीय नकुलनाथ जी ने अपने सारगर्भित उदबोधन में आगे कहा कि 15 माह की कांग्रेस सरकार में माननीय कमलनाथ जी ने मप्र के 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। प्रथम चरण में छिन्दवाड़ा के 55 हजार एवं दूसरे चरण में 20 हजार से अधिक किसानों का कर्ज माफ हुआ। 40 वर्ष माननीय कमलनाथ जी एवं 5 वर्ष का कार्यकाल में मेरा रहा। इन वर्षों में किसान कभी खाद के लिए नहीं भटका। खाद तो छोड़ों कोरोना संक्रमण काल के दौरान पूरे विश्व में छिन्दवाड़ा ही एकमात्र ऐसा जिला था जहां ऑक्सीजन से लेकर किसी भी आवश्यक दवाइयों की कमी नहीं होने दी।



### ऐतिहासिक रहा आंदोलनः पांसे

पूर्वमंत्री श्री सुखदेव पांसे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कमलनाथ के मार्गदर्शन व नकुलनाथ के आव्हान पर ऐतिहासिक किसान आंदोलन जन-जन की आवाज बन गया है। मप्र के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा था खेती को लाभ का धंधा बनाएंगे, उन्होंने लाभ का धंधा तो नहीं बनाया, किन्तु हानि का धंधा जरूर बना दिया है। कृषि से जुड़ी सम्पूर्ण सामग्री पर जीएसटी व बढ़े हुए मूल्य से किसान परेशान है। यहां का सांसद पूछता है कि कमलनाथ जी ने क्या किया, यह तो कुछ समय में बताना संभव नहीं है, क्योंकि उनके कार्यों सबके सामने हैं। पांढुर्ना व छिन्दवाड़ा जिले में पेयजल का स्थाई समाधान, किसान कर्जमाफी, गोशालाओं का निर्माण स्किल सेन्टर व हिन्दुस्तान में सर्वाधिक सेन्ट्रल स्कूल छिन्दवाड़ा में है।

### खाद की कालाबाजारी कर रहे भाजपा के लोग

नकुलनाथ ने आगे कहा कि शासन-प्रशासन वीडियो जारी कर व प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कह रहा कि पर्याप्त खाद है तो किसान खाद के लिए कतार में क्यों खड़ा है। किसान इसीलिये खड़ा है, क्योंकि भाजपा के लोग खाद की कालाबाजारी में लिप्त है और उनकी रोजी रोटी इसी से चल रही है। अंत में उन्होंने शासन, प्रशासन व पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि आदिवासी दिवस पर आदिवासी भाइयों पर अपराध दर्ज करना, किसान भाइयों पर झूठी एफआइआर दर्ज करना बंद कर दें, क्योंकि शासन प्रशासन कितने लोगों को गिरफ्तार करेगा, हम जन-जन के सम्मान व हित के लिए गिरफ्तारी देने के लिए तैयार है।

**वोट की चोरी के सारे सबूत पेश किए :** नकुलनाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि भाजपा वोट की चोरी कर सत्ता में आई है। वोट चोरी के सारे सबूत माननीय राहुल गांधी जी ने प्रेस कांफ्रेंस में देश की जनता के सामने प्रस्तुत किए हैं।

### पटवारी ने सांसद और कलेक्टर के बयान पर उठाए सवाल

आयोजित किसान बचाओ आंदोलन को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने कहा कि भाई नकुलनाथ जी के भाषण में छिन्दवाड़ा के लिए दर्द झलका है। उन्होंने राजीव गांधी जी को शत-शत नमन करते हुए कहा कि इंदिरा जी के तीन बेटे राजीव गांधी जी, संजय गांधी जी और कमलनाथ जी। उन्होंने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसान खेत में रो रहा और सीएम भोपाल में सो रहा, किसान खाद के लिए कतार में है और भाजपा सरकार हेडलाइन में है। सांसद व कलेक्टर के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर पर्याप्त खाद है तो लाठियां क्यों, एफआइआर क्यों। किसान के हाथ में हल होता है, कल कांग्रेस का होगा। उन्होंने मंच से खाद चोरों कुर्सी छोड़ों के नारे लगाते हुए कहा कि 50 प्रतिशत की कमीशन वाली सरकार चल रही।

### वोट की चोरी कर भाजपा ने सरकार बनाई : सिंघार

नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार ने ऐतिहासिक किसान बचाओ आंदोलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि गर्मी है और गर्मी बढ़नी चाहिए, क्योंकि प्रदेश की सरकार ठण्डी पड़ी है। उन्होंने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि वोट की चोरी कर भाजपा ने सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि मप्र में 16 लाख वोटों की चोरी हुई है जिसके प्रमाण उनके द्वारा चुनाव आयोग को प्रस्तुत किए जा चुके हैं। 24 घण्टे से अधिक का समय हो गया किन्तु अभी तक चुनाव आयोग और भाजपा ने कोई जवाब नहीं दिया है। माननीय कमलनाथ जी द्वारा 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली दी गई और भाजपा स्मार्ट मीटर दे रही जो पाकिस्तान की कम्पनी के हैं।

### महिलाओं और आदिवासियों के समर्थन में उठाई आवाज

पूर्व मंत्री सुश्री विजय लक्ष्मी साधो ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी जी ने 21 वीं सदी का सपना दिखाया। देश को पंचायती राज, महिलाओं को आरक्षण दिया। छिन्दवाड़ा के सांसद वापस 18 वीं सदी में लेकर जा रहे वे आदिवासी भाइयों से पैर धुलाई करवा रहे हैं। उन्होंने माननीय कमलनाथ जी के मुख्यमंत्रीत्व कार्याकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वे मंत्री थी तब छिन्दवाड़ा आई तो लगा कि किसी महानगर में है यहां की सड़के व विकास को देखकर उन्हें भरोसा नहीं हुआ कि छिन्दवाड़ा में है। उन्होंने कहा कि जब माननीय कमलनाथ जी सीएम बने तो सभी को भरोसा हुआ कि प्रदेश प्रगति के पथ पर बढ़ेगा, क्योंकि देश चलाने का अनुभव रखने वाले के हाथो में प्रदेश की बागडोर थी। उन्होंने कहा कि किसान क्या चाहता है अच्छा खाद व बीज, अच्छी उपज पर अच्छा दाम किन्तु सरकार ये सबकुछ नहीं दे पा रही है।

### कांग्रेस की सरकार आएगी तब चुन चुनकर हिसाब लिए जाएंगे : लखन

पूर्व मंत्री श्री लखन घंघोरिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कमलनाथ जी ने सतत रूप से 45 वर्ष छिन्दवाड़ा की पावन भूमि की सेवा की है। इन वर्षों में कभी खाद की कमी नहीं हुई। अब हुई तो जिम्मेदारी किस की है, स्वाभाविक है कि भाजपा सरकार की है। यह तो पवित्र भूमि है जहां से प्रदेश की राजनीति चलती है। जब छिन्दवाड़ा कलेक्टर जबलपुर में थे उनके खिलाफ विवेक तनख्वा जी हाईकोर्ट गए थे। यहां का चुनाव लूटा गया है। सबके हितों की रक्षा माननीय कमलनाथ जी ने की है, उन्होंने 45 साल में जो किया वह सबके सामने हैं। उन्होंने सीएम, कलेक्टर व एसपी को चेतावनी देते हुए कहा कि लिमिट में रहें, अन्यथा आपके गुनाह के चेहरे बदल दिए जाएंगे। फिर से नकुलनाथ जी आएंगे, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आएगी तब सभी से चुन-चुनकर हिसाब लिए जाएंगे।

### विधायक उइके ने कलेक्टर और सांसद पर साधा निशाना

जुन्नारदेव विधायक श्री सुनील उइके ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन्होंने किसान व नौजवानों के लिए काम किया, उनकी जयंती पर किसान खाद के लिए आंदोलन कर रहा है। कलेक्टर और सांसद भाई-भाई, आदिवासी की जमीन बेचकर खाई-खाई। सांसद कलेक्टर भाई-भाई आदिवासी भाइयों की जमीन माफियाओं के नाम करवाई। छिन्दवाड़ा की पहचान माननीय कमलनाथ जी से थी। शासन व प्रशासन के द्वारा बनाए गए सांसद भू माफियाओं, शराब माफियाओं के साथी है। उन्होंने अंत में कहा कि कलेक्टर और सांसद का एक ही काम आदिवासियों की जमीन करो माफियाओं के नाम। इन्होंने कभी दिया नहीं लिया है, कभी सोने-चांदी में जनता को लूटा, कभी ब्याज के नाम पर लूटा। आदिवासी भाइयों की जमीनें भी इनके नाम पर खरीदी जा रही। चेतावनी देते हुए कहा कि कलेक्टर कहीं भी चले जाएं उनको यहां लाकर हिसाब लिया जाएगा।

## कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा रेड रिबन क्लब के तहत एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में महाविद्यालय प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास द्वारा किया गया। उन्होंने



अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है तथा युवा वर्ग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।कार्यक्रम का संचालन पुरुष इकाई प्रभारी श्री दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता और जनजागरूकता को बढ़ावा देता है।

## श्री सेनाजी महाराज मंदिर का भूमिपूजन, अनिता अनेराव बनी महिला अध्यक्ष

**पांढुर्णा।** श्री संत सेनाजी महाराज समाज संगठन ने संत सेनाजी महाराज की पुण्यतिथि अवसर पर नेमिश्यारण्य धाम शिव मंदिर परिसर के करीब श्री सेनाजी मंदिर का भूमिपूजन संपन्न हुआ। आज समारोह के दौरान संत सेनाजी की महिला शाखा अध्यक्ष के रूप में अनीता अनेराव को मनोनीत किया गया। इस मौके पर अतिथी के रूप में उपस्थित नपाध्यक्ष सदिप घाटोड़े, पार्षद अनित्र खत्री, लोचन खवसे, समाज संगठन के अध्यक्ष तरूण खिरेकर, पूर्व अध्यक्ष संजय धानोरकर, विवेक मानकर व समाज के वरिष्ठ, युवा और महिलाएं मौजूद रही। नपाध्यक्ष संदीप घाटोड़े ने मंदिर निर्माण में सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस मौके पर रामदास अतकरे, रत्नाकर मानकर, महादेव कन्हेरकर, दिपराज अनेराव, सुरेश अनेराव, अनिता अनेराव और मंदाबाई राउत का सम्मान किया गया। इस समारोह में रविन्द्र अतकरे, संजय धानोरकर रोशन चातरकर, निखिल येउतकर, रूपेश येउतकर, राकेश निम्बूलकर, मंगेश बाभुलकर, पिंटू राउत, ओमप्रकाश मानकर कैलाश बाभुलकर. अभिजीत धानोरकर, विक्की बाभुलकर और अन्य ने सहयोग दिया।

## सांसद ने 3 मरीजों को दिलाई 1 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान दिल्ली प्रवास में व्यस्तता के बाद भी सांसद बंटी विवेक साहू छिन्दवाड़ा के जरूरतमंद लोगों की सेवा कार्य करने में कोई कमी नहीं कर रहे है। सांसद श्री साहू को सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा के माध्यम से जानकारी मिली थी कि आर्थिक रूप से कमजोर तीन मरीजों का आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नही हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान ही मरीजों के आवेदन पर अपनी सहमति जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र भेजते हुए उनसे मरीजों को बीमारी के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत करने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से तीनों मरीजों को तत्काल ही 1 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता दी है। उक्त सहायता मिलने से मरीजों का अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इलाज के लिए लगातार सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

## भाजपा कार्यालय में विधायक कमलेश शाह ने सुनी जनसमस्याएं

**भाजपा सरकार की नीतियां हमेशा जमीनी स्तर की होती है और इन जनलाभकारी नीतियों से आम जनता को सीधा फायदा पहुंच रहा हैः कमलेश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह और भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने पार्टी कार्यालय में जनसमस्याएं सुनी और तुरंत फोन लगाकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा मौके पर ही समस्या का त्वरित निराकरण किया गया। प्रदेश भाजपा व्दारा तय नियमानुसार विधायक को पार्टी कार्यालय में एक दिन जन समस्याएं सुनने और उनके त्वरित निराकरण करने के लिए बैठना तय किया गया है। इसी तारतम्य में अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह ने बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। आम जनता से मुलाकात करने के उपरान्त विधायक राजा कमलेश शाह ने कहा कि भाजपा काम करने पर विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि हम जनता के सेवक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की समस्याएं के निराकरण का केवल प्रदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां हमेशा जमीनी स्तर की होती है और इन जनलाभकारी नीतियों से आम जनता को सीधा फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि और लाडली बहना जैसी कई योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

## किसानों के साथ न्याय न कर पाने से आत्मग्लानि में डूबे बड़े शेख

## बड़े शेख ने छोटे शेख के झूठे आंदोलन से बनाई दूरीः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जब कोई व्यक्ति किसी अवसर को खो देता है, खासकर यदि वह अवसर महत्वपूर्ण था, तो उसे आत्मग्लानि हो सकती है। इस बात का ताज़ा उदाहरण कांग्रेस के कृत्रिम आंदोलन में देखने को मिला। यहां बड़े शेख श्री कमलनाथ जी ने छोटे शेख नकुल नाथ के फ़र्ज़ी एवं झूठे आंदोलन से दूरी बनाकर रखी।



यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने कही है। बुधवार को जारी एक बयान में सांसद श्री साहू ने कहा कि शायद बड़े शेख को ये अहसास हो चला है कि समय रहते वो किसानों के हित में कुछ भी नहीं कर पाए। कुछ करना तो दूर भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए संचालित योजनाओं मसलन संबल योजना, ट्रांसफार्मर अनुदान योजना सहित अन्य योजनाओं को मुख्यमंत्री बनते ही बंद कर दिया था। वही किसानों को कर्ज़ माफी का झांसा देकर प्रदेश की सत्ता हासिल तो कर लिए, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद किसानों का एक पैसा भी माफ किए बगैर क़र्ज़ माफी के फर्जी प्रमाण पत्र बांट दिए। शायद उम्र के इस पड़ाव पर बड़े शेख श्री कमलनाथ को किसानों के साथ किए गए छल और पाप का अहसास हो चला है यही वजह है कि उन्होंने किसानों के नाम किए जा रहे घड़ियाली आंसू रूपी आंदोलन में शामिल होना उचित नहीं समझा।

किसानों को लेकर बनावटी और नाटकीय आंदोलन के नाम पर कांग्रेस पिछले एक सप्ताह से खूब नक्कारे पीट रही थी। लेकिन यह आंदोलन नक्कार खाने में तूती की आवाज़ ही बनकर रह गया। क्योंकि कांग्रेस और छोटे शेख ने करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी किसानों को आंदोलन से नहीं जोड़ पाए। यह आंदोलन महज कांग्रेस का सम्मेलन बनकर रह गया, यह फर्जी आंदोलन में किसानो ने सम्मिलित होना जरूरी ही नहीं समझा। क्योंकि किसान भाई यह बात अच्छी तरह समझ चुके हैं।

## एक हजार बच्चों को पीएनबी मेटलाइफ ने भेंट किए स्कूल बैग

**सिवनी।** निरंतर विकास और स्थानीय लोगों की मदद के लिए, पीएनबी मेटलाइफ ने पुराने विज्ञापन होर्डिंग और बैनर से 1,000 पर्यावरण–अनुकूल स्कूल बैग बनाए और इन्हें मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में बच्चों को भेंट दे दिए। पीएनबी मेटलाइफ के चीफ मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन ऑफिसर सौरभ लोहटिया ने कहा, "यह पहल केवल अपसाइक्लिंग नहीं है, बल्कि हमारे इस विश्वास का प्रतीक है कि हर बच्चे को शिक्षा पाने के लिए सही संसाधन मिलने चाहिए। मार्केटिंग सामग्री का रचनात्मक पुनः उपयोग कर हम पर्यावरणीय और सामाजिक बदलाव दोनों को बढ़ावा देना चाहते हैं।"



यह पहल दिखाती है कि पीएनबी मेटलाइफ समाज की भलाई के लिए लगातार विकास, लोगों को मजबूत बनाने और सबको साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए काम कर रही है। साथ ही यह भी बताती है कि कारोबार समाज की मदद के लिए नए तरीके अपना सकते हैं।पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है, जो मेटलाइफ इंक. की वित्तीय शक्ति और पीएनबी (भारत के सबसे पुराने राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक) की विश्वसनीयता को जोड़ती है।

## पूज्य भन्ते विनाचार्य का सौंसर में होगा भव्य स्वागत, तैयारियों का दौर जारी

# 24 को सौंसर में लगेगा देश विदेश के बौद्ध भिक्षुओं का मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर




महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तहत संपूर्ण देश में पूज्यभन्ते वीनाचार्य के द्वारा जनसंवाद और धम्म ध्वज यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सौसर नगर में धम्म ध्वज यात्रा का बुधवार 24 सितंबर को भारत के अलावा श्रीलंका थाईलैंड जापान के सैकड़ो बौद्ध भिक्षुओं के साथ में आगमन होगा, एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आयोजन प्रमुख दिलीप बागडे ने बताया की 17 अगस्त को नागपुर की दीक्षा भूमि से धम्म यात्रा का शुभारंभ किया गया है।यह यात्रा महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश के सैकड़ो शहरों गांव से भ्रमण करती हुई बुधवार 24 सितंबर को सौसर नगर में यात्रा का समापन होगा,यात्रा समापन समारोह में महाबोधि महाविहार के मुक्ति के लिए 68 दिन तक जेल में रहने वाले पूज्य भन्ते विनाचायजी के नेतृत्व में श्रीलका भिक्खु संघनायक पु पूज्य भन्ते रेवत,पूज्य भन्ते दीपांकर सुमिधो,भन्ते विनाचार्यजी, पूज्य भन्ते, ज्ञानज्योति पूज्य भन्ते प्रशीलरत्न,भारतीय बौध्द महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमरावजी आम्बेडकर,पूर्व मंत्री दिल्ली राजेद्रप्रसाद पाल,जी टीवी सिनेअभिनेता हिमांशु सोनी,यात्रा प्रमुख नितिन गजभिए, के अलावा देश-विदेश के सैकड़ो भिक्खु संघ को आमंत्रित किया गया है।पूज्य भन्ते विनाचार्यजी नेतृत्व में यह धम्म ध्वज यात्रा के माध्यम से संपूर्ण देश में महाबोधि महाविहार मुक्ति के लिए आंदोलन किया जा रहा है। यात्रा समापन समारोह मैं बुद्ध गीतों पर आधारित आर्केस्ट्रा,प्रबोधन, सत्कार समारोह,आदि का नगर के बाजार चौक में आयोजन किया जाएगा,आयोजन को लेकर बौद्ध समुदाय के द्वारा जोर-जोर के साथ तैयारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक के लेकर कार्यक्रम में समाज बंधुओ को आमंत्रित किया जा रहा है।

### वसुधैव कुटुंबकम पर व्याख्यान पीएम कालेज में कार्यक्रम

**पांढुर्णा।** आज पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.एस. बिसेन के मार्गदर्शन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में ₹वसुधैव कुटुंबकम₹ पर व्याख्यान तथा ₹विश्व शांति एवं सौहार्द₹ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. मनोज कुमार धुर्वे द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा तथा वसुधैव कुटुंबकम विषय पर विस्तार से समझाया गया।



आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ. ललिता धुर्वे ने उपरोक्त विषय पर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शीत करते हुए बताया गया कि पूरा विश्व एक परिवार है। इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव जंतुओं से हमे स्नेह रखना चाहिए। यह विचार दर्शाता है कि हम सभी एक दूसरे से जुड़े हुए है। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्रों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया, जिसमें हर्षल बागडे ने प्रथम, करण खवसे ने द्वितीय तथा कु. कल्याणी बंजारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. पल्लवी झारिया, डॉ. सारिका बंसोड, सुश्री आंचल चटप, श्री राधेश्याम बुवाडे तथा छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. शीतल गुजरे द्वारा किया गया। तथा मंच संचालन भोजराज कराले

### ग्रामीण क्षेत्र के युवा का एमबीबीएस में चयन

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पालाचौरई के गुढ़ी अंबाडा बालकराम दफाई में निवासरत कमलेश डेहरिया एवं बबीता डेहरिया केसुपुत्र अभिषेक डेहरिया का नीट परीक्षा 2025 में एमबीबीएस में चयन हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र से उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त कर पूरी ग्राम पंचायत ही नहीं विकासखंड, विधानसभा का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनकी इस सफलता पर राजा डेहरिया, डॉ दीपक बंदेवार, मनजीत सिंह, संजना डेहरिया, कृष्णा डेहरिया आदि ने बधाई प्रेषित की है।



### तेलीबट में मध्यान्ह भोजन में भारी भ्रष्टाचार, बच्चों के अधिकारों से खिलवाड़

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेलीबट में मध्यान भोजन योजना में गंभीर अनियमितता सामने आई है। नियमों को ताक पर रखकर, बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन देने के बजाय मनमर्जी से वितरित किया जा रहा है, जिससे आदिवासी अंचल के मासूमों के साथ क्रूरतापूर्वक भेदभाव हो रहा है। स्थानीय निवासी देवीराम यदुवंशी ने जिम्मेदारों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह लापरवाही सीधे तौर पर बच्चों के अधिकार हड़पने के समान है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निकम्मेपन से बच्चों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। यह स्थिति मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की सफलता पर सवाल खड़ा करती है। योजना के क्रियान्वयन में उजागर हुई यह शर्मनाक लापरवाही प्रशासनिक उदासीनता का प्रमाण है। देवीराम यदुवंशी ने इस मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज कराई है, जिसका शिकायत क्रमांक 33913328 है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले में कोई ठोस कार्रवाई करता है या नहीं।

## शासकीय कॉलेज चौरई में पर्यावरण संरक्षण विषय पर कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई




आज शासकीय महाविद्यालय चौरई में पर्यावरण संरक्षण विषय पर कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पर्वतारोही एवं साक्लिस्ट सुबोध थे। श्री सुबोध साइकिल से भारत यात्रा पर निकले हुए हैं इस यात्रा के दौरान 28 राज्यों में विभिन्न पर्वत श्रृंखलाओं एवं प्राकृतिक स्थान का भ्रमण करने के साथ-साथ इन्होंने एक लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा है। अपनी यात्रा के दौरान मार्ग में आने वाले शहरों के विद्यालय तथा महाविद्यालय में छात्रों से संवाद करके अपनी यात्रा का अनुभव साझा करते हैं। और युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनने का संदेश भी प्रदान करते हैं। आज के अपने वक्तव्य में सुबोध जी ने बताया कि उन्हें इस कार्य की प्रेरणा प्रकृति के सुंदर नजारों को देखकर मिली। एक दिन उन्होंने यह प्रण किया कि प्रकृति को प्लास्टिक, जल और वायु प्रदूषण से बचाना है, ताकि ये खूबसूरत दृश्य हमारी आने वाली पीढ़ी भी देख सके। अपने वक्तव्य के दौरान छत्रपति शिवाजी के 371 किलों को सबसे कम समय में भ्रमण करके रिकॉर्ड हासिल करने की भी चर्चा की। पर्यावरण के प्रति इस जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य मुकेश ठाकुर ने अध्यक्षीय उद्बोषण के साथ मुख्य वक्ता और उपस्थित श्रोताओं तथा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ईको क्लब इकाई के समन्वयक डॉ विकास शर्मा, समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों उपस्थित रहे। समस्त महाविद्याल यीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सुबोध को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही साइकिल से की जाने वाली इस भारत यात्रा के समापन पर माउंट एवरेस्ट शिखर पर भारत का तिरंगा फहराने के लिए भी अग्रिम शुभकामनाएं दी। शासकीय महाविद्यालय चौरई के महाविद्यालय इन प्रांगण में सुबोध के द्वारा विद्यार्थियों के साथ मिलकर 11 पौधों का रोपण किया गया।

# कोरम के अभाव में अविश्वास प्रस्ताव नहीं हुआ पारित

### 23 में से कुल 10 जनपद सदस्य ही रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

**जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया था जिसके बाद जनपद पंचायत सभागार में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कामिनी ठाकुर रिटर्निंग अधिकारी के रूप में उपस्थिति रही जहां पर अविश्वास प्रस्ताव के दौरान जनपद अध्यक्ष सबिता भोसम की वोटिंग के दौरान 23 में से मात्र 10 सदस्य ही उपस्थित रहे जिससे अविश्वास प्रस्ताव पारित ही नहीं हो पाया वही जनपद उपाध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी की वोटिंग के दौरान 23 में से 8 सदस्य ही उपस्थित थे जिससे कोरमा की पूर्ति नहीं हो पाई जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया।**




#### भाजपा ने मनाया जश्न फूटे पटाखे

अविश्वास प्रस्ताव पारित न होने पर भाजपा खेमे में जश्न का माहौल देखा गया जहां पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शिवम साहू, भूषण सूर्यवंशी, सोनू पाटिल सहित पूर्व विधायक नथन शाह, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, योगेश साहू, अमरदीप राय, अखिलेश शुक्ला संजय जैन,सतीश मिश्रा,विष्णु शर्मा मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी,मनीष श्रीवास्तव,केके श्रीवास्तव,राजेंद्र यादव, देवेन्द्र टांडेकर, विपिन बिंदवारी,गुड्डु रजक, मानकलाल ठाकुर,जितेंद्र सूर्यवंशी, सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पारित न होने के बाद जमकर जश्न मनाया।

#### ऐसे गिरा अविश्वास

अविश्वास प्रस्ताव के दौरान जनपद अध्यक्ष की वोटिंग के समय 23 में से कुल 10 जनपद सदस्य उपस्थित थे। जनपद उपाध्यक्ष की वोटिंग के समय 23 में से 8 सदस्य उपस्थित थे इस प्रकार कोरम पूरा न होने पर अविश्वास प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सका।

## अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन जिला बालाघाट कोर कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

18 अगस्त को संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर बालाघाट बुढ़ी भवन में जिला प्रभारी यशवंत कनौजे जी के नेतृत्व में जिला कोर कमेटी के समाजीक पदाधिकारी बालाघाट जिले के ब्लॉक सामाज सदस्यों की उपस्थिति प्रति माह की तरह बैठक का आयोजन किया गया सर्व प्रथम संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर सभी ने नमन कर आशीर्वाद लिया उसके पश्चात जिला प्रभारी जी के द्वारा बैठक का मुख्य उद्देश्य कुछ दिनों पुर्व ही जिला कोर कमेटी पुर्व जिला अध्यक्ष श्री राधेश्याम कनौजे जी को पद मुक्त किया गया था उनके स्थान पर बालाघाट जिले में बहुत वर्षो से अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन बालाघाट स्थाई समिति कार्य कर रही जिसमें बालाघाट के वर्तमान समेती अध्यक्ष श्री हरिचन्द्र मोहबे जी को ही अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन बालाघाट जिला कोर कमेटी अध्यक्ष नियुक्त श्री माधो सिंह अहिरवार जी के अनुसंसा पत्र के माध्यम से सुचित कर जिला प्रभारी एवं कोर कमेटी के माध्यम से सम्मानित फुल माला से बधाई दिया सभी ने बारी -बारी जिम्मेदारी पुर्ण पद के लिए बधाई दिया एवं आने वाले समय पर जिला कोर कमेटी के द्वारा निर्नतर हर ब्लॉक को जागरूक करने समाज में उत्पन्न समस्या पर विचार कर रणनीति बनाकर कार्य करने पर विचार किया गया बालाघाट समाज में ग़लत नियम से कार्य करने वाले मुद्दे पर चर्चा किया गया।



राधेशयाम कनौजे जी के द्वारा 16 अगस्त की बैठक पर प्रेस वार्ता भी किया गया है जिसमें उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का जिक्र करते हुए उनकी अनुमति लिया गया है कहकर आज की बैठक में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के नाम पर कमेंटी बनाया गया है एवं कार्यकार्णी के गठन की बात कह रहे हैं। जिला प्रभारी ने राधेश्याम कनौजे जी के द्वारा दिए गए मिडिया में स्टेटमेंट का खण्डन करते हुए अपनी बात रखी अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन जिला प्रभारी श्री यशवंत कनौजे जिला बालाघाट के द्वारा श्री राधेश्याम कनौजे जी के द्वारा किया गया बैठक और कमेटी का निर्माण करने का कोई अधिकार नहीं ना ही उन्होंने जिला प्रभारी से अनुमति, लिया है ना प्रदेश अध्यक्ष से,नियम के विरुद्ध अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के नाम का गलत उपयोग कर समाज को गुमराह करने का कार्य किया है जिला प्रभारी ने यह भी कहा ना राधेश्याम कनौजे जी पुरे बालाघाट जिले के अध्यक्ष थे ना आने वाले समय में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के अध्यक्ष होंगे जिला प्रभारी की नियुक्ति प्रदेश से हुई है।

कार्यक्रम में रहे उपस्थित जिला प्रभारी यशवंत कनोजे ,हरिचंद महोबे कार्यवाहक अध्यक्ष ,बसंत कुम्हरे, रमेश महोबे जी उपाध्यक्ष ,शिवकुमार खरे संगठन मंत्री, रामप्रसाद चौधरी महामंत्री, दिनेश चौहान संचालक ,देवेंद्र बलिए मीडिया प्रभारी ,उमाशंकर कुम्भरे सचिव, रामराज चौहान विधिक सलाहकार, पूनाराम छिपेश्वर धर्म प्रचारक ,फूलचंद भोंडेकर धर्म प्रचारक ,यशवंतराय कोरी ब्लॉक जिला संयोजक ,धर्मेंद्र गौंधरे ब्लॉक जिला संयोजक ,एम के तरवरे जी, सेवकराम भोंडेकर ,सतीश चौहान ,इंद्र भोंडेकर जी, नारायण टांडेकर जी,तेजलाल टांडेकर जी,लखनलाल भौंडेकर, जितेंद्र चौरे, हेमराज चौरे, विनोद छिपेश्वर, आर एल भोंडेकर, बारेलाल छिपिये, राजू चौरे।

### चिकित्सकों की निगरानी में 8 माह का मासूम

# झाड़ फूंक के चक्कर में महिला की हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सर्पदंश की घटना के करीब 12 घंटे बाद भी चिकित्सकीय उपचार नहीं मिलने और परिवार के द्वारा झाड़ फूंक और आयुर्वेदिक दवा के चक्कर में रहने की वजह से एक 26 वर्षीय महिला की मौत हो गई जबकि महिला का 08 वर्षीय मासूम बालक सरकारी अस्पताल कटंगी में चिकित्सकों की निगरानी में भर्ती है. वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम महदुली की निवासी महिला सीमा पति अनिल मरठे को मंगलवार की रात्रि करीब 02 बजे के आस-पास डांटेकार प्रजाति के सांप ने काट लिया. यह घटना महिला के मायके देवगांव में हुई. महिला नीचे जमीन पर सो रही थी. सांप काटने के बाद परिजनों ने सांप को मार दिया और महिला को आयुर्वेदिक उपचार के लिए थानेगांव ले जाया गया. जहां महिला को आयुर्वेदिक दवा दी गई. महिला को उस वक्त कुछ महसूस नहीं हुआ हालांकि परिजन महिला के शरीर से सांप का जहर उतारने के लिए उसे कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहमारा लेकर आए. कथित तौर पर यहां महिला के शरीर से जहर उतारने की कोशिश की गई लेकिन जब महिला की तबीयत बिगड़ गई तो परिजनों को महिला को सरकारी अस्पताल कटंगी ले जाने की सलाह दी गई. बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे महिला को अस्पताल लाया गया जहां महिला ने अंतिम सांस ली. शाम साढ़े 5 बजे महिला के शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है. महिला ने सर्पदंश की घटना के बाद अपने बच्चे को स्तनपान कराया था. जिसके चलते बच्चे को 24 घंटे के लिए चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है.



गौरतलब हो कि सर्पदंश की जिन भी घटनाओं में पीड़ितों की मौत हुई है. उस मौतों का कारण जानने पर एक बात सामने आती है और यह बात होती है झाड़-फूंक और पीड़ित परिवार का अंधविश्वास. कटंगी थाना क्षेत्र का लोहमारा एक ऐसा गांव है जहां पर कथित पर सर्पदंश के पीड़ित के शरीर से सांप का जहर उतारने का दावा किया जाता है. आम बोलचाल की भाषा में इसे सर्पीबारी कहते है. सर्पीबारी करने वाले लोग जिस तरीके से शरीर से सांप का जहर उतारने का दावा करते है वह पूरी तरह से अवैज्ञानिक होता है. सर्पीबारी के चुंगल में फंसने वाले लोग ही अपने परिवार के सदस्य के मौत का कारण बन रहे है. सर्पीबारी करने वाले ऑफकैमरा बातचीत करते हुए कई लोगों की जान बचाने का दावा करते है. बहरहाल, सर्पदंश की घटना से बचने के लिए रात में खुले में सोने से बचें. घने जंगलों, खेतों या झाड़ियों में टॉर्च का इस्तेमाल करें. झाड़ियों या अंधेरे स्थानों में चलते समय सावधानी रखें. सांप दिखे तो उसे मारने की बजाय दूर हट जाएं. घर और आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें, ताकि सांप छिपने की जगह न मिले.

सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से मरीज को ठीक कराने के चक्कर में न रहें बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल लाने का प्रयास करने. सांप के काटने पर झाड़-फूंक से नहीं बल्कि एंटी स्नैक वैनम से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है।

## माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी के गणेश जी बनाने दिया गया प्रशिक्षण



### लांजी के मां गायत्री मंदिर में आयोजित हुआ माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत मिट्टी से गोबर से गणेश जी कि प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण गांव गांव में गठित प्रस्फुटन समिति सदस्यों एवं नवांकुर सखी सहायक एवं सहायीका को दिया गया। यह ट्रेनर गांव गांव में मिट्टी के गणेश ग्रामीणों को स्वयं गणेश बनाकर स्थापित करने प्रेरित करने अलख जगाने का कार्य करेंगे। ज्ञात हो हर वर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर हजारों रसायन युक्त प्रतिमा प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं कि स्थापन कि जाती है। और नदी तालाब प्रदूषण का कारण बनती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री संतोष मोरघडे समाजसेवी ने उपस्थित प्रतिभागीयो को छोटे छोटे प्रयासों से हम कैसे अपने नदी तालाब से पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं।बताया श्यामलाल पांडे जी ने अधिक से अधिक पेड पौधा लगाने प्रेरित किया। संतोष नगपुरे विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद द्वारा कार्यक्रम कि रूपरेखा रखी। कार्यक्रम में संदीप रामटेक्कर रमेश असाटकर लवकुश यादव बबलू पारधी नवांकुर संस्था विजय हटिले अशोक घरते निलेश्वर ठाकरे ज्योति शकरपुडे परामर्शदाता सहित 25 ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों सहित 21 नवांकुर सखी मातृशक्ति उपस्थित रही ।

## शास.उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली




**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के एनसीसी कैडेट्स के छात्र एवं छात्राओं ने तिरंगा रैली निकालकर कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार गुप्ता 6 एम.पी .इंडिपेंडेंस बटालियन बालाघाट के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर NCC टुप नंबर 241 और टुप 40 के कैडेट्स ने आज दिनांक 13 अगस्त बुधवार को तिरंगा रैली निकाली ।इस रैली में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन सी टी ओ वर्षा चौरगड़े श्री डी आर पट्टवी और अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे । कार्यक्रम की संचालक एनसीसी सी टी ओ वर्षा चौरगड़े ने बताया कि यह कार्यक्रम ₹हर-घर तिरंगा₹ अभियान के अंतर्गत किए गए हैं, इससे कैडेट्स में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व उत्साह का संचार हुआ है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय स्वर्गीय राजीव गाँधी की देन-विवेक पटेल

## जनसम्पर्क कार्यालय में कांग्रेसियों ने मनाई स्व. राजीव गांधी की जयंती

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। विधायक जनसंपर्क कार्यालय में बुधवार को कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सम्मान समारोह पूर्वक मनाई। कांग्रेसियों द्वारा सर्वप्रथम स्वर्गीय राजीव गांधी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर राजीव गांधी अमर रहे के नारे लगाए।**



इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने उद्बोधन में स्वर्गीय राजीव गाँधी के जीवन के बारे में सभी को बताया। उन्होंने स्वर्गीय राजीव गांधी की नीतियों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। स्वर्गीय राजीव गांधी की कर्मभूमि अमेठी रही हैं, वहाँ की जनता उन्हें स्नेह और सम्मान से याद करती हैं।

इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष धवल मॉडल, शाहिद खान, जेशराज पारधी, जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, सुदेश गुड्डू सोनी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक जुझार, रामकिशोर बिसेन, राजकुमार चौधरी, सत्तू बिसेन, राहुल अरोरा, प्रणय धार्मिक, हरि क्षीरसागर, संदेश बिसेन, सुधीर पात्रे, आनंद डोंगरे सहित अन्य कांग्रेसीगण मौजूद रहे। कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी के द्वारा मतदान के लिए 21 वर्ष से 18 वर्ष की आयु करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आई टी क्रांति, कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे अभूतपूर्व कदम देश के लिए परिवर्तनकारी बदलाव लेकर आए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जानते थे कि भारत का भविष्य उसके युवा है और उन्होंने मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का निर्णय लिया था। वारासिवनी में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना स्वर्गीय राजीव गाँधी की देन हैं। आज हम भी हमारे देश की अखंडता के लिए उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हैं। उन्होंने आधुनिक तकनीक का समावेश कर भारत की अर्थव्यवस्था को आधार दिया। वह एक असाधारण नेता थे, जिन्होंने लाखों लोगों में आशा की किरण जगाई और भारत को 21 वीं सदी में पहुंचाया। भारत के लिए अनगिनत उपलब्धियां राजीव गांधी की विरासत का प्रतीक है।

### नहर में कपड़े धोने गई महिला की पानी में डूबने से मौत

**वारासिवनी।** वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनियाटोला में मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे कपड़े धोने गई महिला की नहर के पानी में डूबने से मौत हो गई। जिसके बाद महिला का शव घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर संदीपनि शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पीछे नहर में मिला। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मृतक सुशीला बाई लखेटे उम्र 75 वर्ष महाराष्ट्र नागपुर निवासी हैं। वह रक्षा बंधन में ग्राम बनियाटोला निवासी अपने भाई खिलेधर कसार को राखी बाँधने आई थी। मंगलवार की सुबह वह अकेली नहर मे कपड़े धोने गई थी, जब वह कपड़े धो रही थी, तभी उसका पैर फिसल जाने के कारण वह नहर के पानी के तेज बहाव में बह गई। जब महिला अपने घर नहीं पहुंची, तो परिजन उसे देखने के लिए नहर पर पहुँचे। जहाँ पर उन्हें कुछ कपड़े रखे हुए मिले, मगर महिला गायब थी। उन्हें लगा कि शायद महिला नहर के पानी में बह गई। जिसके बाद परिवार वालों ने उसे नहर में ढूंढने का प्रयास किया।

**खबर संक्षेप**

### मंत्री डॉ. विजय शाह का सिवनी प्रवास कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. विजय शाह 20 एवं 21 अगस्त को जिले के प्रवास पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री डॉ. शाह दिनांक 20 अगस्त 2025 को दोपहर 1.00 बजे मंडला से प्रस्थान कर अपराह्न 2.00 बजे सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड के ग्राम झोला पहुँचेगें, जहाँ वे महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल के साथ आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। ग्राम झोला में आयोजित कार्यक्रम उपरांत मंत्री डॉ. शाह का सिवनी में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम निर्धारित है। तत्पश्चात मंत्री डॉ. शाह दिनांक 21 अगस्त 2025 को प्रातः 8.30 बजे सिवनी से बालाघाट जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बारिश से सब्जियों की कीमतों में तेजी से वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिले में लगातार हो रही बारिश से सब्जियों की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। टमाटर की कीमत जो अप्रैल-मई में 10 रुपए प्रति किलो थी, वह अब बढ़कर 50 से 60 रुपए प्रति किलो हो गई है।

बारिश के कारण नदी-नालों का जल स्तर बढ़ा है। कई स्थानों पर रपटों के ऊपर से पानी बह रहा है। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है। शिमला मिर्च, बरबटी और भिंडी की कीमत 60 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

पिछले 15 दिनों में टमाटर की कीमतों में 40 से 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की लागत भी बढ़ी है। सब्जी मंडी के व्यापारी सलीम खान और अन्नू मिश्रा के अनुसार, भारी बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। टमाटर का सीजन भी समाप्त हो रहा है। मंडी में सब्जियों की आवक कम होने से भाव तेज हैं। टमाटर का थोक भाव 30 रुपए प्रति किलो से अधिक है। खुदरा बाजार में यह 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है।

विक्रेताओं का कहना है कि यदि मौसम ऐसा ही रहा और मंडियों में आवक नहीं बढ़ी, तो सब्जियों के दाम और बढ़ सकते हैं। उपभोक्ताओं को या तो टमाटर की खपत कम करनी होगी या फिर अधिक कीमत चुकानी होगी।



# पेंच टाईगर रिजर्व में हाथियों के लिये रेजूविनेशन कैंप का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पेंच टाइगर रिजर्व में दिनांक 19 से 25 अगस्त तक चलने वाले हाथियों के लिये रेजुविनेशन कैम्प का आज दिनांक 19 अगस्त 2025 को शुभारम्भ किया गया। प्रातः हाथियों के चाराकटरों द्वारा हाथियों को नहलाया गया, तत्पश्चात हाथियों के पैर एवं सिर की नीम तेल से मालिश की गई। इसके उसके पश्चात केला, नायिरल, चना, गुड़, नमक, गन्ना, मौसमी फल, जैसे अनानास,आम, पपीता, नाशपती, अन्य मौसमी फल, मक्के के पौधे इत्यादि खिलाया गया।वरिष्ठ वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा द्वारा महावतों एवं चाराकटर से हाथियों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की एवं वन्यप्राणी चिकित्सक द्वारा हाथियों के स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। वर्तमान में पेंच टाइगर रिजर्व,सिवनी में कुल 11 विभागीय हाथी हैं। जिनमें 7 नर वयस्क, 3 मादा एवं 1 नौ माह का नर बच्चा शामिल है।नर हाथी - जंग बहादुर, गणेश, जनरल करियप्पा, जनरल तिमैय्या, लव,मारूति, शुभबच्चा, एवं मादा हाथी सरस्वती, शेरोन, दामिनी हैं।

# लघु उद्योग भारती की सिवनी इकाई का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



दिनांक 19 अगस्त दिन गुरुवार को हुआ जिला इकाई का गठन,लघु उद्योग भारती सूक्ष्म और लघु उद्योगों के बीच कार्य करने वाला राष्ट्रीय संगठन है संगठन का काम सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा देना और उनकी समस्याओं का निराकरण करना है देश के 600 जिलों में संगठन का कार्य है आज संगठन की सिवनी इकाई का गठन किया गया।

इसमें निरंजन अरोदिया को अध्यक्ष का दायित्व तथा अमित अमरोदिया को सचिव का दायित्व दिया गया.उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर,मनीष ठाकुर, अरविंद सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष अभिनव मालू,संयुक्त सचिव रजत ताम्रकार,नमन राय, कार्यकारिणी सदस्य संजय मालू, अंकित नाहर,अखिलेश सिंह चौहान,अंकित मालू,अभिषेक अग्रवाल, एवं पवन बिसेन तय किए गए.गठन की घोषणा महाकौशल प्रांत के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य ज्ञानेंद्र शर्मा द्वारा की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया इसके पश्चात अमित अमरोडिया द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। अंचल पूर्व संयुक्त महामंत्री मनीष पटेल द्वारा संगठन का संक्षिप्त परिचय दिया गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यवाह अशोक सिंह बघेल जी द्वारा सदन को संबोधित किया गया। तत्पश्चात आभार और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.कार्यक्रम में सुनील नाहर,संजय मालू,संदीप ठाकुर,संजय बंसल एवं नगर के प्रतिष्ठित उद्यमी और 50 से अधिक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### खेत के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका व्यक्ति का शव

**सिवनी** जिले के घंसौर विकास खंड के कुडोपार ग्राम में एक व्यक्ति का शव खेत के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान क्रिश उइके (55) के रूप में हुई है। वह पिछले तीन दिनों से घर से लापता था। सुबह कुछ लोग जंगल की तरफ जा रहे थे। उन्होंने पेड़ पर एक व्यक्ति को फांसी के फंदे पर लटका देखा। उन्होंने फोन कर घंसौर पुलिस को शव के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया के अनुसार मर्ग कायम कर लिया गया है।

# किरार समाज द्वारा स्वैच्छिक रक्त दान शिविर आयोजित



**खैरा पलारी।** विगत दिवस 18 अगस्त दिन सोमवार को मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ करते हुए अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा नवयुवक मंडल जिला सिवनी के तत्वाधान में भगवान बलराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व सर्वप्रथम समाज के आराध्य देव भगवान बलराम जी के छाया चित्र पर समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया भगवान बलराम जी की पूजन अर्चन के उपरांत सभी को तिलक वंदन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जहां क्षेत्र के युवाओं एवं मातृ शक्तियों ने शिविर में उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने महामहिम राज्यपाल का किया आत्मीय स्वागत

### ग्राम परिचय कार्यक्रम मे शामिल हुए



**सिवनी।** बुधवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने महामहिम राज्यपाल का आत्मीय स्वागत कर ग्राम परिचय व अन्य कार्यक्रमों मे शामिल हुए। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं जनजातीय कार्य विभाग मंत्री विजय शाह के ग्राम झोला (केवलारी) आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। तथा आयोजित ग्राम परिचय एवं अन्य कार्यक्रमों विधायक दिनेश राय मुनमुन अतिथियों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर श्रीमती मीना बिसेन जी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती मालती डहेरिया जी अध्यक्ष जिला पंचायत सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# गाय की रक्षा करने के लिए पूरे देश में गौ रक्षक तैयार होना चाहिए-मुनि श्री महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्यप्रदेश में महा समाधिधारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्यपरम पूज्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में 20अगस्त 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं की गई , आचार्य श्री की पूजन की गई, अंतरराष्ट्रीय अंक विज्ञान चिकित्सिक श्रीमती प्रमिला जैन ने बताया कि जीवन शैली में बदलाव के कारण बीमारियां होती है, प्राणायाम के द्वारा बहुत सारे रोग ठीक किए जा सकते हैं, गुरु पुष्य नक्षत्र में गुरु को विशेष वस्तुएं प्रदान करना चाहिए, कमेटी ने बताया कि 21 अगस्त को प्रातः 6 बजे सिवनी के इतिहास में प्रथम बार परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह की प्रतिष्ठा होगी, 108 द्रव्यों से विश्व में प्रथम बार 108 पूजन होंगी, चरण चिन्ह का विशेष अभिषेक होगा

इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि, भारत का उत्थान कैसे हो हमारे गुरुदेव ने 7 सूत्र दिए थे स्वस्थ तन शाकाहार से ही संभव है ,अपने जीवन में शाकाहार अपनाओ, सभी निरोगी बने ,किसी को कष्ट ना हो ऐसी भावना रखना चाहिए, विश्व एक परिवार है जिसमें सबको जीने का अधिकार है ,भारत की धरती पर करोड़ों गोकुल होते थे ,गौ माता बड़ी सयानी है, गाये कभी मांस नहीं खाती है, खाद्य पदार्थों में सूअर का मांस डल रहा है, गायो की रक्षा करे गौशालाओ में भेजे, राष्ट्र की रीढ़ गाय हैं, भारत देश गायों का रव सुनकर गौरव मानता था, गाय का पालन करें यह चेतन धन है सर्वश्रेष्ठ संपदा है, गाय चेतन धन है इसकी सुरक्षा करें , गायों की रक्षा के लिए गौशालाओं में गोग्रास योजना लागू करें, शादी की सालगिरह, पुण्य स्मृति दिवस, जन्मदिवस एवं विशेष पर्वों पर गौशाला जरूर जाएं, गाय का घी खाकर 100 वर्ष की बूढ़ी मां भी चलने लगती है, गाय के माध्यम से वास्तु दोष दोष ठीक हो जाते हैं, पूरे देश में गौ रक्षक तैयार होना चाहिए,शरीर राष्ट्रीय संपत्ति है ,इसका सही उपयोग करें, ऑक्सीजन के लिए वृक्ष जरुर लगाए, विदेशी लोग कम थे फिर भी राज करके चले गए आज सांस्कृतिक गौरव लौट रहा है ,योग को विश्व में मान्यता मिल रही है, भारत को वैभवशाली बनाने के लिए प्रयत्न किया जा रहा हैं, पारिवारिक वातावरण टीवी मोबाइल से बिगड़ रहा है, देश को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्लास्टिक मुक्त करना होगा ,एक पौधा अपने जन्मदिन पर जरूर लगाएं ,स्वदेशी की ओर बढे विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करें, देश का पैसा देश में रहे ,आने वाले समय में हमारा भारत फिर से विश्व गुरु बने ,युद्ध के समय में भारत ही कुछ दे सकता है ,आज चिकित्सा में सबसे ज्यादा गड़बड़िया हो रही है।ध्यान के माध्यम से भी मन की चिकित्सा होती है आज भी भारतीय चिकित्सा पद्धति विश्व में सर्व श्रेष्ठ है।

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से जबलपुर में आयुर्वेद चिकित्सालय पूर्णायु बनने जा रहा है।आचार्य श्री की भावना थी कि पूरे विश्व के लोग स्वस्थ रहते हुए पूर्णायु को प्राप्त करे।भारत में आज भी घरेलु नुस्खे बहुत कारगर सिद्ध हो रहे है दुनिया में सर्व प्रथम इंजेक्शन का आविष्कारक भारत ही है ऑपरेशन ब्लेड भी सर्व प्रथम भारत में ही बनाया गया था सबसे ज्यादा ग्रन्थ भारत के ऋषियों ने लिखे और पूरे विश्व के लोग चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग कर रहे है।

# भारतीय डाक विभाग की दीन दयाल स्पर्श योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग ने जानकारी देकर बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा फिलैटली छात्रवृत्ति योजना दीन दयाल स्पर्श योजना वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह योजना कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक कक्षा से 10-10 विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें 6000 प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना में वही विद्यार्थी पात्र होंगे जो विद्यालय के फिलैटली क्लब के सदस्य हों अथवा डाकघर में सक्रिय फिलैटली जमा खाता रखते हों। साथ ही पिछली वार्षिक परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक (अनुसूचित जाति/जनजाति विद्यार्थियों हेतु 5त्न छूट) होना आवश्यक है। चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। प्रथम चरण के अंतर्गत 28 सितंबर 2025 को लिखित क्विज परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। दूसरे चरण में चयनित विद्यार्थियों को 9 नवम्बर 2025 तक फिलैटली प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना होगा। योजना का लाभ लने के लिए आवेदन पत्र नजदीकी डाकघर से प्राप्त कर भरे हुए आवेदन 15 सितम्बर 2025 को सायं 4 बजे तक संबंधित प्रवर अधीक्षक/अधीक्षक डाकघर को रजिस्टर्ड अथवा स्पीड पोस्ट से भेजे जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वसुधैव कुटुम्बकम कार्यक्रम संपन्न

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वसुधैव कुटुम्बकम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एम.सी. सनोडिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योत्स्ना नावकर, डॉ. रचना राय, डॉ. ज्योति गजभिये, डॉ. सविता मसीह, डॉ. रामकुमार नायक, डॉ. पी.एल. सनोडिया एवं डॉ. मानसिंह बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्याम सिंह राहंगडाले ने मुख्य अतिथि एवं प्राध्यापकों का स्वागत कर वसुधैव कुटुम्बकम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, शाब्दिक अर्थ एवं समाज तथा संस्कृति पर इसके प्रभाव की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता डॉ. एम.सी. सनोडिया ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् का अर्थ है — संपूर्ण पृथ्वी और मानवता एक परिवार है। इसका उल्लेख महा उपनिषद में मिलता है, जहाँ बताया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति एक-दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने गिद्ध, जंगली बिल्ली और चिड़िया के बच्चों पर आधारित एक शिक्षाप्रद कहानी सुनाकर जीवन मूल्यों को सरल ढंग से समझाया। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. ज्योत्स्ना नावकर ने गीत प्रस्तुत कर वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश दिया। वहीं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मसीह ने कहा कि सभी मनुष्यों का उद्देश्य शांति एवं समृद्धि पर आधारित समाज का निर्माण है। अंत में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्याम सिंह राहंगडाले ने सभी प्राध्यापकों, मुख्य अतिथि, अतिथि विद्वानों, जनभागीदारी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

# जिले की सभी आईटीआई में सीएलसी राउंड हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सिवनी।** प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी एवं जिले की समस्त आईटीआई में सीएलसी राउंड हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सीएलसी राउंड हेतु पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 18 अगस्त से 22 अगस्त 2025 तक चलेगी। इस दौरान सभी पंजीकृत उम्मीदवार अधिकतम पाँच व्यवसायों के लिए चॉइस फिलिंग कर सकेंगे। इसके उपरांत 25 अगस्त 2025 को आवेदकों को स्वयं संबंधित संस्था में कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा। आवेदक केवल किसी एक आईटीआई के किसी एक व्यवसाय के लिए ही उपस्थिति दर्ज कर पाएंगे। 26 अगस्त 2025 को सीएलसी राउंड हेतु मेरिट सूची जारी की जाएगी। यह मेरिट सूची केवल रिक्त सीटों की संख्या के आधार पर जारी होगी। मेरिट सूची में शामिल आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन कर प्रवेश दिया जाएगा। सीएलसी राउंड से जुड़ी जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। यहां अभ्यर्थी प्रतिदिन प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। संस्थान ने सभी इच्छुक उम्मीदवारों से अपील की है कि निर्धारित समयावधि में पंजीकरण एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण करें तथा 25 अगस्त को अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज कराएँ, अन्यथा वे प्रवेश प्रक्रिया से वंचित रह जाएंगे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 136 आवेदन

# वृद्धा पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम भुरकुंडी निवासी बाबूलाल परते द्वारा महाराष्ट्र बैंक शाखा पलारी द्वारा खाता होल्ड किये जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम बाधी मुगंवानीकलां निवासी संध्या सनोडिया द्वारा केसीसी लोन की अनुमति प्रदाय किये जाने विषयक, ग्राम उमरिया सिवनी निवासी अब्दुल राजिक खान द्वारा आधार कार्ड में गलत दर्ज जन्म तिथि सुधार कराये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम खैरांजी आमगांव निवासी सीताराम उईके द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, कबीर वार्ड डूण्डासिवनी निवासी एकता उइके द्वारा गरीबी रेखा की सूची में नाम दर्ज किये जाने विषयक, ग्राम जैतपुरकलां सिवनी निवासी ओंकार सिंह बघेल द्वारा जनसम्मान निधि की राशि प्रदाय किये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम पौनिया निवासी जीवनलाल पिता टिल्लू द्वारा रिकार्ड दुरूस्त कराये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम लाटगांव निवासी कृष्ण कुमार द्वारा सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम जैतपुरकला निवासी रामजी बघेल एवं अन्य द्वारा वार्ड क्रमांक 14 में रोड निर्माण कराए जाने विषयक, लाठगांव लखनादौन निवासी अजोध्या अहरवार द्वारा किसान सम्मान निधी की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम पहाडगढ लखनादौन निवासी धनिया बाई द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम रहलोन लखनादौन निवासी बुद्धुलाल उइके द्वारा वन भूमि का पट्टा दिलाये दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम करहैया निवासी चमरीबाई द्वारा डूब से प्रभावित होने के कारण मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम सालीवाडा निवासी विनोद धुर्वे द्वारा विद्युत पोल से बैल की करंट से हुई मृत्यु का मुआवजा दिलाये जाने विषयक, ग्राम औरियामाल निवासी बाबूलाल पिता चमरू द्वारा रिकार्ड दुरूस्त किये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम साल्हेपानी निवासी वतन सिंह द्वारा बीपीएल सूची से नाम हटाये जाने विषयक, ग्राम जटलापुर सिवनी निवासी कल्याणी इनवाती द्वारा होस्टल में नाम दर्ज कराये जाने विषयक, ग्राम बखारी सिवनी निवासी शिवकुमारी साहू द्वारा लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम किमाची निवासी विपत सिंह द्वारा भूमि का नक्शा सुधार किये जाने विषयक, ग्राम कातलबोडी निवासी नरेन्द्र कुमार माल्या द्वारा राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने विषयक, ग्राम सीलादेही सिवनी निवासी अन्नी बाई यादव द्वारा फसल नुकसानी का मुआवजा दिलाये जाने विषयक, ग्राम बंडोल सिवनी निवासी सावित्री प्रजापति द्वारा वृद्धापेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम पौंडी केवलारी निवासी सुखलाल गनबीर द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम कंडीपार सिवनी निवासी आशा उइके द्वारा आवासीय पट्टा प्रदाय करने विषयक सहित कुल 136 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

# शासकीय महाविद्यालय में हुई माटी गणेश-सिध्द गणेश कार्यशाला

**घंसौर** / म.प्र. जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र.शासन) विकास खंड घंसौर न के शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सक्रियकरण बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। पूजन के पश्चात उपस्थिति अतिथियों का फूल माला देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में म.प्र जन अभियान परिषद की ब्लाक समन्वयक श्रीमती मधुबाला चौरसिया द्वारा प्रशिक्षण की रूप रेखा रखते हुए बताया कि प्रदेश के किसी भी ग्राम/नगर का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक कि विकास पुरुष स्थानीय न हो। ग्राम व नगर में कुछ ऐसे लोग होते हैं जो स्वैच्छिकता, सामूहिकता, स्वालंबन के भाव से कार्य करते हैं। समाज की इसी स्वैच्छिक प्रवृत्ति को देखते हुए प्रति वर्ष ग्राम एवं नगरीय निकाय में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का गठन किया जाता है जो शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियान में सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाती है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर समाज के अंतिम छोर पर बैठे इत व्यक्ति को लाभ दिलाने में सहयोग करती है। परिषद् समाज एवं शासन के बीच सेतु का कार्य करती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नर्मदा समग्र माटी गणेश-सिध्द गणेश घर-घर गणेश हर घर गणेश विराजे माटी गणेश पर्यावरण शुद्धता का संदेश देते हुये माटी गणेश बनाने का प्रशिक्षण मूर्ति कार मुकेश सेन द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को माटी से गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में जनपद सदस्य कामता प्रसाद तिवारी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्याम गिरि गोस्वामी, परामर्शदाता, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व जा क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राएं, प्रस्फुटन समितियां उपस्थित रही। कार्यक्रम ब्लाक समन्वयक श्रीमती मधुबाला चौरसिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### सिकल सेल के मरीजों से करेंगे चर्चा, दिव्यांगों को मिलेंगे उपकरण

## बैहर में आज राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आगमन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल 21 अगस्त को बैहर पहुंच रहे हैं। वे यहां एकलव्य आवासीय विद्यालय में महाआरोग्य स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे सिकल सेल एनीमिया के मरीजों से मुलाकात कर उन्हें प्रमाण पत्र देंगे। इसके अलावा दिव्यांगों और बुजुर्गों को सहायक उपकरण भी दिए जाएंगे।**





इस आयोजन में लगभग 10,000 चश्मे, 1,000 व्हीलचेयर और सिकल सेल के मरीजों के लिए पोषण आहार का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए 30 बाई 50 का विशाल मंच और लोगों के बैठने के लिए 100 बाई 250 का डोम तैयार किया जा रहा है। राज्यपाल के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना और पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यपाल पटेल हेलीकॉप्टर से बिरवा हवाई पट्टी पर बनाए गए हेलीपैड पर उतरेंगे और वहां से सीधे एकलव्य विद्यालय परिसर में महाआरोग्य शिविर में हिस्सा लेंगे। इस प्रवास के दौरान राज्यपाल बिरवा में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही इमला बाई मरकाम के घर दोपहर का भोजन भी करेंगे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से जबलपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। इस कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह भी शामिल होंगे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बालाघाट में कांग्रेस पार्टी दो गुटों में बंटी हुई दिखाई दी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बालाघाट में कांग्रेस पार्टी दो गुटों में बंटी हुई दिखाई दी। एक तरफ जिला कांग्रेस कमेटी ने नगर की एक निजी धर्मशाला में कार्यक्रम किया, वहीं कई वरिष्ठ नेता इससे दूर रहे। उन्होंने एक अलग ही जगह पर जयंती मनाई।**



जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके, विधायक अनुभा मुंजारे और मधु भगत की मौजूदगी में धर्मशाला में राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी गई, लेकिन इस कार्यक्रम की सूचना नहीं मिलने से नाराज़ कई कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार के घर पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। वरिष्ठ नेता रहीम खान ने बताया कि उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम की कोई सूचना नहीं दी गई थी, जब वह कांग्रेस कार्यालय पहुंचे तो वह बंद था। इसी कारण उन्होंने अन्य साथियों के साथ मिलकर पूर्व विधायक के घर पर जयंती मनाई। यह घटना जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में संजय उईके की हाल ही में हुई नियुक्ति का विरोध मानी जा रही है। भले ही कोई खुलकर इस बारे में न बोल रहा हो, लेकिन कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, नए अध्यक्ष की नियुक्ति का मुखर विरोध शुरू हो चुका है। धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान शिविर भी लगाया गया था, जिसमें पार्षद आशुतोष डहरवाल सहित करीब 21 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। हालांकि, इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता रहीम खान, जुगल शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष भीम फुलसंघे, अनूप सिंह बैस और कई ब्लॉक अध्यक्ष जैसे प्रमुख नेता गैरहाज़िर थे।

करीब 60-70 कुर्सियों का इंतजाम होने के बावजूद हॉल पूरा नहीं भरा, जिससे यह साफ हो गया कि नए अध्यक्ष को लेकर पार्टी के भीतर असंतोष है। सूत्रों के अनुसार, नए अध्यक्ष के विरोध में जल्द ही जिले के कांग्रेसी आला नेताओं से मुलाकात करने की तैयारी में हैं। मामले में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कांग्रेस में फूट से इनकार करते हुए कहा कि राजीव जी का जन्मदिन है और वरिष्ठ कांग्रेसी अपने अनुसार मना सकते हैं।

## जल गंगा अभियान में देवी तालाब किनारे हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत बुधवार को नगरपालिका ने देवी तालाब के किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कलेक्टर के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में एक दर्जन से अधिक टीन शेड और अवैध निर्माण को हटाया गया।



देवी तालाब की स्थिति चिंताजनक है। पहले यह 16 एकड़ 14 डिसमिल क्षेत्र में फैला था। अतिक्रमण के कारण अब इसका क्षेत्रफल घटकर मात्र 5 एकड़ रह गया है। समाजसेवी राजेश मरार ने कार्रवाई को औपचारिकता बताया। उनका कहना है कि केवल छोटे और गरीब लोगों के अस्थायी निर्माण हटाए गए, जबकि बड़े अतिक्रमण को छोड़ दिया गया।

नगरपालिका के जिम्मेदार वाचस्पति त्रिपाठी ने बताया कि कार्रवाई से पहले प्रचार वाहन से मुनादी कराई गई थी। कई लोगों ने बुलडोजर देखते ही स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लिया। जो नहीं हटे, उन पर बुलडोजर चलाया गया। नायब तहसीलदार ने कहा कि वे कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर पहुंची थीं।

## गढ़ी में मनाया गया सद्भावना दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जनपद पंचायत बैहर अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ी में सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्व. राजीव गांधी के देश हेतु किए गए कार्यों को याद किया गया एवं स्मरण करते हुए वक्ताओं ने उन्हें आधुनिक भारत के निर्माता कहते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहा साथ ही कंप्यूटर क्रांति, पंचायतीराज व्यवस्था का सशक्तिकरण, खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा, सूचना प्रौद्योगिकी, सेना का आधुनिकीकरण, उद्योग, ग्रामीण कुटीर उद्योग आदि अनेकों राष्ट्रहित के कार्य उनके याद दिलाते हैं। सद्भावना दिवस के अवसर पर क्लीन गढ़ी, ग्रीन गढ़ी अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत के मोक्षधाम में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, उपसरपंच प्रताप सिंह करायत, पंच श्यामसिंह धुर्वे एवं समस्त पंचायत स्टाफ, तथा आम जन में दिव्या परवार, खुशी, आशा आदि मौजूद रहें।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर। विकासखण्ड किरनापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन19अगस्त किया गया। इस शिविर का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीषा जुनेजा (जिला मलेरिया अधिकारी, बालाघाट) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। शिविर की अध्यक्षता डॉ. वर्ष चौबे (विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, किरनापुर) ने की।**

शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणजन एवं मरीजों का निःशुल्क परामर्श एवं उपचार किया गया। प्रमुख विशेषज्ञों में –डॉ. वेद प्रकाश लिल्लारे (डायबेटोलॉजिस्ट)डॉ. विनय राहंगडाले (यूरोसर्जन)डॉ. अजित गनवीर (अस्थि रोग विशेषज्ञ)डॉ. पलाश गनवीर (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) डॉ. स्मरण ठाकुर (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ. एस.एस. पिठोडे (मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ) डॉ. नीलिमा लिल्लारे (मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ) डॉ. तरुण विजयवार (फिजियोथेरेपिस्ट) साथ ही विकासखण्ड के समस्त चिकित्सा अधिकारीयों नें स्वास्थ्य सेवाएं दी, शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार सेवाओं का लाभ लिया। साथ ही आयुष्मान भारत कार्ड भी निःशुल्क बनाए गए।

## 3 सहकारी समितियों के परिसमापन की कार्यवाही प्रारंभ की गई

**बालाघाट।** उप पंजीयक सहकारी संस्थाऍ बालाघाट द्वारा जिले की 03 सहकारी समितियों के परिसमापन की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। इन समितियों के विरूद्ध जिस किसी का भी लेन-देन निकल रहा हो वे दो माह के भीतर अपने दावे प्रमाण सहित कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्था बालाघाट में प्रस्तुत कर सकते है।

उप पंजीयक सहकारी संस्थाऍ श्री राजेश उइके से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 1962 में पंजीकृत हाथ धान कुटाई सहकारी समिति मोहगांव खुर्द, 1956 में पंजीकृत गृह निर्माण सहकारी समिति वारासिवनी एवं 1973 में पंजीकृत सिंचाई सहकारी समिति बिठली के परिसमापन की कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्री आरके पौनीकर को परिसमापक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन सहकारी संस्थाओं के विरूद्ध यदि किसी का भी लेन-देन निकल रहा हो तो वे दो माह के भीतर अपने दावे एवं स्वत्व प्रमाण के साथ परिसमापक अधिकारी के समक्ष उप पंजीयक सहकारी समिति कार्यालय बालाघाट में प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावों पर सुनवाई नही की जाएगी और इन संस्थाओं के पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही करने के लिए सक्षम अधिकारी को प्रतिवेदन भेज दिया जाएगा।

परिसमापन अधिकारी द्वारा कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति के पास इन समितियों के सदस्य या भूतपूर्व अधिकारियों के पास समिति के संबंध में कोई लेखा पुस्तके, रिकार्ड, रोकड़ एवं अन्य सामग्री हो तो वे 15 दिनों के भीतर उनके समक्ष कार्यालय में जमा कर दे। नियत अवधि के बाद यदि किसी व्यक्ति के पास इन समितियों के चार्ज या रिकॉर्ड होने की जानकारी मिलेगी या सिद्ध हुआ तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### प्रतिदिन होगा गरबा का आयोजन, लाखों रुपये के पुरस्कारों का होगा वितरण

## 22 सितम्बर को होगी मातारानी की स्थापना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

आगामी 22 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले नवरात्रि पर्व को मनाने के संबंध में विचार विमर्श करने के लिए नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड सिविल क्लब वारासिवनी की एक बैठक समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा की अध्यक्षता में रानी अवंतीबाई स्टेडियम में सम्पन्न हुई। इस बैठक में समिति के सभी सदस्यों ने भाग लेकर अपने-अपने विचार प्रकट किए।

बैठक में लिए गए निर्णयों के संबंध में समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने बताया कि नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड वारासिवनी द्वारा स्थानीय सिविल क्लब मैदान में आयोजित किया जाने वाला नवरात्रि पर्व अपने भव्य डेकोरेशन के लिये पूरे महाकौशल सहित विदर्भ में प्रसिद्ध है। यहॉ पर प्रति वर्ष भक्तों की भावनाओं के अनुरुप बंगाल के कलाकारों द्वारा अति मनोहारी मातारानी का दरबार बनाने का निर्णय लिया गया हैं।

वहीं नवरात्रि पर्व के सभी 9 दिनों तक रानी अवंतीबाई स्टेडियम में गरबा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसमें महानगरों से बड़े-बड़े ढोल बजाने वाले कलाकार आमंत्रित किये जा रहे है। इस दौरान मातारानी के दरबार में पूरे नौ दिनों तक अनवरत रुप से भंडारा चलेगा और दशहरा के दिवस महाप्रसाद रूपी भंडारे का आयोजन भी सिविल क्लब मैदान में किया जायेगा।

श्री कछवाहा ने बताया कि नवरात्रि पर्व में उपहार कूपन योजना भी रखी जा रही है। जिसमें लाखों रुपये के पुरस्कारों का समावेश किया जा रहा है। उपहार कूपन योजना का परिणाम शरद पूर्णिमा के दिन सार्वजनिक रूप से घोषित किया जायेगा।

बैठक में संजय सिंह कछवाहा, संजय सिंह चंदेल, आशीष सिंह गौतम, राम खंडेलवाल, जय प्रकाश नेमा, राजेश पटले, मयंक चौबे, संतोष शिवणे, शलभ सिंह बैस, संतोष आड़े, बसंत गिरी, संजय घोले, रिंकू दुबे, कोकिल कन्नौजखेडे, कुलदीप डहरवाल, विक्रांत चंद्रवार, अरमान खान, राजू बोपचे, मन्नू डहरवाल, प्रदीपडहरवाल, शरीफ खान, शैलेन्द्र कन्नौजखेड़े, वीरेन्द्र ठाकुर, हरिशंकर क्षीरसागर, मिथुन मिश्रा, नावी पटले, अजय पातरे, शिवशक्ति सिंह, भागसिंह कापसे, पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा के साथ अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे।

## लागत में कमी और फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए कृषक प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

धान की फसल को बीमारी के प्रकोप से बचाने एंव फसल की गुणवत्ता व चमक के साथ साथ लागत को कम कर धान की फसल के उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से अब कृषक प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हो रहा है ताकि कृषक की आय दौगनी हो सके। इसी उद्देश्य के तहत कृषि विभाग खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंडारबोड़ी कृषक श्यामलाल राहंगडाले धान की खेती में लागत कम पैदावार अधिक पाने का मन बना लिया है जिसके लिए दो एकड धान की फसल को बीमारी से बचाने के लिए जीवामृत तैयार कर प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हुआ है। जिसके लिए कृषक को समय-समय पर कृषि विभाग से उचित परामर्श व सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कृषक ने जीवामृत, दशपर्णी अर्क, नीम काढ़ा बनाकर खेत में उपयोग किया है जिससे धान की खेती को फायदा हो रहा है ।



कृषक का कहना है की उनके द्वारा जीवामृत आदि प्राकृतिक उत्पाद का उपयोग करने से खेत में कीड़े व बीमारी का प्रकोप देखने को नहीं मिल रहा है जिससे लागत में कमी आयी है । ऐसी पद्धति से आगे और अधिक एरिया में खेती करना है ताकि लागत कम और उत्पादन अधिक हो सके । कृषि विभाग के पदाधिकारी औचिक निरिक्षण के दौरान कृषक को लगातार समय समय पर उचित परामर्श व मार्गदर्शन देते हुए प्राकृतिक खेती की ओर कृषको प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## शास. हाईस्कूल सुनारककोड़ी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षेत्र के ग्राम सुनारककोड़ी के शास. हाईस्कूल में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । स्वतन्त्रता के इस महान पर्व पर विद्यालय प्रांगण में ध्वज की पूजा अर्चना के साथ ही भारतमाता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्रों की पूजा अर्चना की गई । इसके पश्चात संस्था प्रभारी एम.एल.एड़े द्वारा ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात ध्वज को सलामी देकर,तिरंगे झंडे की जय, भारत माता की जय तथा अमर शहीदों की जय-जयकार करके सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया । संपूर्ण विद्यालय प्रांगण तिरंगे झंडे की जय,भारतमाता की जय, वीर शहीदों की जय के साथ गुंजित हो उठा । इसके पश्चात प्रभात फेरी बैण्ड की धुन पर कदमताल के साथ नारे लगाते हुए बड़े ही जोश और उल्लास के साथ गांव का भ्रमण करते हुए एकीकृत शा.माध्य.विद्यालय सुनारककोड़ी के प्रांगण पहुंची जहाँ पर मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुए । ग्राम सुनारककोड़ी में स्थित शास.हाईस्कूल, ईपीएस माध्य. शाला तथा सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न देशभक्तिपूर्ण गीतों तथा भाषणों की प्रस्तुति मंच पर दी गई जिसे कार्यक्रम में शामिल गणमान्यों द्वारा खूब सराहा गया । यह मंचीय कार्यक्रम ग्रामपंचायत सुनारककोड़ी की वर्तमान सरपंच श्रीमती चित्रलेखा बापूरे जी की अध्यक्षता तथा सेवानिवृत्त शिक्षक के.के. बड़घैया जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । इस अवसर पर प्रमुख रूप से सामाजिक कार्यकर्ता संजय वाघाड़े , पुलिस पटेल विनोद येरपुड़े,वरिष्ठ नागरिकों में दयालयंद बडघैया, प्रेमलाल बडघैया , प्रभुदयाल कराहे,लक्ष्मीचंद सोनवाने, रामकिशन सोनवाने तथा माध्य शाला एसएमसी अध्यक्ष पार्वती नेवारे,हाई स्कूल एसएमसी अध्यक्ष महेंद्र रंगारी,सरस्वती शिशु मंदिर टेमनी से सेवानिवृत शिक्षक रामदेव येरपुड़े, शास.हाईस्कूल सुनारककोड़ी के लिए भूमिदानदाता एवं वरिष्ठ नागरिक डोमनसिंह बापूरे, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बौद्ध समिति सुनारककोड़ी गणेश वंजारी,वरिष्ठ पत्रकार सुरेश येरपुड़े, पंच सरिता येरपुड़े,पुष्पा नागदेवे तथा गाँव के अनेक सम्माननीय नागरिकगण उपस्थित रहें । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम में शामिल तीनों विद्यालयों के विद्यालय प्रभारियों एम.एल.एड़े, एल.आर. जामूरे तथा उर्मिला तिड़के द्वारा अपने-अपने वक्तव्य रखे गये ।अंत में कार्यक्रम की अध्यक्ष महोदया द्वारा वीर शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए एवं स्वतंत्रता दिवस का महत्व समझाते हुए अपने संक्षिप्त उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम समापन की घोषणा की गईं । इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित तीनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा विद्यार्थीगण शामिल रहें । मंचीय कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ शिक्षक एन.गजभिये द्वारा किया गया ।





## सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के विद्यार्थी जय जगत समित आगरा (राष्ट्रीय समिट)में हुये शामिल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के सहायक प्राध्यापकगण और विद्यार्थीयों सहित 10 सदस्यीय दल ने माननीय कुलाधिपति इंजी. दिवाकर सिंह जी के मार्गदर्शन में युवक बिरादरी संस्थान द्वारा आगरा (उत्तरप्रदेश) में आयोजित 5 दिवसीय राष्ट्रीय समिट में शामिल होकर विभिन्न संवैधानिक और विधिक विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर उनका वाचन किया।5 दिवसीय इस नेशनल समिट में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के छात्र छात्राओं के 3 शोध पत्रों का चयन प्रकाशन के लिये हुआ है जो विधि विभाग के विद्यार्थी के लिये सफलता और प्रेरणा का विषय है।इस राष्ट्रीय समिट में विद्यार्थियों ने विधिक संवाद नेतृत्व विकास और विभिन्न बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होकर सरदार विश्विद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही।इस राष्ट्रीय समिट में विधि विभाग प्रभारी कमलेश कुमार बिसेन,सहायक प्राध्यापक राहुल मिश्रा के नेतृत्व में आर्ची पंजवानी, सिया बारेवार, योमा कठाने, चित्रांश श्रीवास्तव , विपाशा पाटिल, प्राची डोंगरे, नरेंद्र शरणागत और देवानंद खोबागड़े ने शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



## जिले में अब तक 966 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 20 अगस्त 2025 तक 966 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 841 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 20 अगस्त को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 52 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

## भरतलाल राऊत का निधन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत ग्राम लालपुर निवासी भरतलाल राऊत (75) का मंगलवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। स्व. भरतलाल राऊत, सूरतलाल राऊत के बड़े भाई व संजय राऊत के बड़े पिता थे। वे अपने सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण सभी के बीच सम्मानित स्थान रखते थे। उनके निधन को परिवार एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। स्व. भरतलाल राऊत अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियां सहित नाती, पोतियां को छोड़कर चले गए।मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। जहां ग्राम पंचायत लालपुर के उपसरपंच तिलकचंद कटरे, वरिष्ठ नागरिक सदाराम नेवारे, मोहनसिंह गौतम, पूर्व उपसरपंच मनोज मिश्रा, भरतलाल सहारे, बुधराम नेवारे, मेहतरलाल राऊत, संजय पटले, रिंकु नगपुरे, यशवंत गौतम, राजेंद्र चौधरी, शिक्षक ओमकार बोपचे, रामदयाल मेश्राम, तूफान बोपचे, भुवन चौधरी सहित अन्य नाते, रिश्तेदारों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।






